# डॉ. देबराज शोम को कर्नल रंगाचारी स्वर्ण पदक

कलकत्ता। डॉ. देबराज शोम को कलकत्ता में आयोजित आल इंडिया आप्थैलमोलाजिकल सोसायटी के वार्षिक सम्मेलन में २०१० के कर्नल रंगाचारी स्वर्ण पदक पुरस्कार और हनुमंत रेड्डी पुरस्कार के लिए चुना गया है। इस पुरस्कार हेतु डॉ. शोम का चयन उनके क्रांतिकारी शोध पत्र नान एल्बुमिन कंटेनिंग नैनो मालीक्यूल आफ कार्बोप्लेटिन इन एन एडजंक्टिव रोल इन रेटिनोब्लास्टोनाम के लिए किया गया है। डॉ. देबराज शोम इस पुरस्कार को प्राप्त करने वाले सबसे कम उम्र के विजेता है और यह उपलब्धि उनके उल्लेखनीय प्रयासों को दर्शाती है। इन पुरस्कारों के लिए चुने जाने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए डॉ. देबराज शोम, कन्सल्टेंट फेशियल प्लास्टिक सर्जरी और प्रमुख, इंस्टीट्यूट फार एस्थेटिक एस्थेटिक सर्जरी, अपोलो अस्पताल, हैदराबाद ने कहा- मैं अपने सभी सहयोगियां का आभारी हूं, जिन्होंने मेरा चयन दो पुरस्कारों- कर्नल रंगाचारी तथा हनुमंत रेड्डी पुरस्कार के लिए किया है। हमारे शोधकार्यों के दौरान किए गए बहु केन्द्रित परीक्षणों ने भारतीय डाक्टरों और वैज्ञानिकों की उत्कृष्टता एक बार फिर साबित कर दी है। ये पुरस्कार जिन शोध कार्यों के लिए प्रदान किए गए हैं वे न सिर्फ नेत्र कैंसर बल्कि मस्तिष्क कैंसर तथा अन्य प्रकार के पिडियाट्रिक और फेशियर कैंसर के उपचार में मददगार साबित होंगे।